कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 25.08.2023

छुरिया महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में संस्था सिरोमणी प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन में स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर (सहायक प्राध्यापक) के नेतृत्व में दिनांक 25.08.2023 को **"SVEEP गतिविधि के अंतर्गत" मतदाता जागरूकता रैली** का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर प्राचार्य महोदया द्वारा स्वीप क्लब एवं समस्त छात्र–छात्राओं द्वारा संयुक्त रैली को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय से रवाना किया। इस विशाल रैली में छात्राओं द्वारा विभिन्न स्लोगन एवं नारे लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान एवं अपने मतदान का सही उपयोग करने की प्रेरणा दी तथा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता रैली महाविद्यालय से निकलकर बस स्टैण्ड छुरिया में सभी छात्र–छात्राओं एवं व्यक्तियों को मतदान जागरूकता शपथ दिलाया गया शपथ के उपरांत जनपद पंचायत छुरिया से होते हुए तहसील कार्यालय छुरिया की ओर से खुटा छुरिया से होते हुए मतदाता जागरूकता का प्रचार–प्रसार करते हुए वापस महाविद्यालय पहुंचें।

रैली में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. एच.एस. भाटिया, सहायक प्राध्यापक श्री उष्यंत कुमार, श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, सुश्री दीपिका ध्रुवे, श्री विनय चौरे एवं समस्त अतिथि व्याख्याता श्री चैतराम यादव, श्री गन्नू साहू, सुश्री इंदिरा इंदु, श्री गैंदलाल सोनकर एवं सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य
प्राचार्य
शास. रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
राजनांदगाव (छ.ग.)